पंचदश बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-14 सोमवार, दिनांक-14 मार्च, 2011 ई० ।

मानननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.40 बजे अपराह्न तक ।

(1) प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 18 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 तारांकित प्रश्न क्रमांक 'घ' 437 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iii) 02 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(iv) 27 तारांकित प्रश्न अनागत ।

(2) शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री कुमार शैलेन्द्र

(ii) श्री राजकुमार राय

(iii) श्री जितेन्द्र कुमार राय

(iv) डा० अच्युतानन्द

(v) श्री प्रदीप कुमार

(vi) श्री दिनेश कुमार सिंह

(vii) श्री प्रेमरंजन पटेल

(viii) डा० इजहार अहमद

(ix) श्री विनय कुमार सिंह

(3) ध्यानाकर्षण सूचना :-

(i) माननीय सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी की गृह (आरक्षी) विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री सुमित कुमार सिंह तथा अन्य सभासदों की जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री सुमित कुमार सिंह द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(भोजनावकाश के बाद)
समय 02.00 बजे अप० से 5.05 बजे अप० तक

(4) अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन :-

माननीय उप मुख्यमंत्री, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा वित्तीय वर्ष 2010-11 के तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी को सदन में उपस्थापित किया गया ।

(5) वित्तीय कार्य :-वित्तीय वर्ष 2011-12 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान:-
पथ निर्माण विभाग :-

विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव माननीय प्रभारी मंत्री श्री नंदकिशोर यादव द्वारा प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री केदार नाथ सिंह द्वारा पथ निर्माण विभाग की मांग पर राज्य सरकार की पथ निर्माण नीति पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग तथा कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री राहुल कुमार
(ii) श्री वीरेन्द्र सिंह

(माननीय अध्यासी सदस्या श्रीमती गुड्डी देवी ने आसन ग्रहण किया)

(iii) श्रीमती लेशी सिंह
(iv) श्री अम्बिका सिंह
(v) श्री चित्तरंजन कुमार
(vi) श्री अरूण कुमार यादव
(vii) डा० प्रमोद कुमार सिंह
(viii) श्री प्रमोद कुमार
(ix) डा० मो० जावेद
(x) श्री रामदेव महतो
(xi) श्री अवधेश कुमार
(xii) श्री तारकिशोर प्रसाद
(xiii) श्री चन्द्रशेखर

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहाण किया)

(xiv) श्री पवन कुमार जायसवाल
(xv) श्री विनय बिहारी

माननीय प्रभारी मंत्री पथ निर्माण विभाग द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

सदन द्वारा माननीय सदस्य श्री केदार नाथ सिंह का कटौती प्रस्ताव ध्वनिमत से अस्वीकृत हुआ तथा पथ निर्माण विभाग का अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

(6) निवेदन :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने घोषणा की कि आज के लिए स्वीकृत कुल 26 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक 15 मार्च, 2011 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-14.03.2011

गिरीश झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।